राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल की पूर्व विधायक रणमल सिंह के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर,12 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने स्वाधीनता सेनानी और सीकर के पूर्व विधायक श्री रणमल सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने किसान हित में और सहकारिता के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों को स्मरण करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।

श्री बागडे ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

———

एएसआई सुरेन्द्र सिंह के निधन पर राज्यपाल ने जताया गहरा शोक

जयपुर,12 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने दुर्घटना में ए.एस.आई. सुरेन्द्र सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि स्व. सुरेन्द्र सिंह का निधन अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

———